भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †2504

सोमवार, 15 दिसंबर, 2025/24 अग्रहायण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में पर्यटकों की आवक**

**†2504. श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटीलः**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदेः**
**श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणेः**
**श्री नरेश गणपत म्हस्केः**
**श्रीमती भारती पारधीः**
**श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकरः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र, जिसमें मुम्बई, पुणे, औरंगाबाद, नासिक जैसे प्रमुख शहर, कोंकण जैसे तटीय क्षेत्र और बालाघाट लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित मध्य प्रदेश में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की आवक की वर्तमान स्थिति तथा पर्यटन से प्राप्त राजस्व का आकलन किया है;

(ख) अजंता-एलोरा, शिरडी और लोनावाला जैसे लोकप्रिय स्थलों पर सम्पर्क, आवास, सुरक्षा उपाय और सुविधाओं सहित महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना के विकास और रखरखाव हेतु विगत तीन वर्षों के दौरान उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में कम प्रसिद्ध स्थलों, ग्रामीण पर्यटन और पर्यावरण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पहल शुरू की है अथवा शुरू करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और विरासत वाली जगहों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में सतत पर्यटन से रोज़गार के मौके सृजित करने और स्थानीय संस्कृति, पर्यावरण और विरासत को बनाए रखने के लिए कोई दीर्घकालिक रणनीति बनाई है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

**(**क): वर्ष 2024 के दौरान महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में घरेलू और विदेशी पर्यटक यात्राओं (डीटीवी और एफटीवी) का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| राज्य | डीटीवी | एफटीवी |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| महाराष्ट्र* | 18,93,71,541 | 37,05,170 |
| मध्य प्रदेश | 13,31,76,410 | 1,67,535 |

स्रोत: राज्य पर्यटन विभाग

*: अनुमानित डेटा

पर्यटन मंत्रालय के पास पर्यटन से अर्जित राजस्व का राज्य-वार ब्यौरा उपलब्ध नहीं है।

**(**ख) और (ग): पर्यटन मंत्रालय **'**स्वदेश दर्शन (एसडी)**'**, **'**स्वदेश दर्शन **2.0 (**एसडी **2.0)'**, स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना- **'**चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)**'**, **'**तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)**'** और **'**पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए)**'** नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' की अपनी पहल के तहत पर्यटन परियोजनाओं के विकास हेतु भी राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

उपर्युक्त योजनाओं के तहत अनुमोदित की गई कई परियोजनाओं में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न गंतव्यों पर सुरक्षा एवं संरक्षा, अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी, बेहतर पर्यटन अनुभव में वृद्धि से संबंधित घटक शामिल हैं।

इसके अलावा, मंत्रालय ने कई राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में ऐसी परियोजनाओं को मंजूरी दी है जो अल्पज्ञात गंतव्यों, ग्रामीण पर्यटन क्षेत्रों एवं इको-पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करती हैं। विशेष रूप से, स्वदेश दर्शन योजना के तहत "इको-परिपथ" को विषयगत परिपथों में से एक के रूप में चिह्नित किया गया है।

महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, प्रशाद, एसएएससीआई और एसीए योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में है।

(घ): महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और विरासत संबंधी महत्व वाले पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों सहित अन्य पर्यटन गंतव्यों एवं उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपने निरंतर प्रयासों के हिस्से के रूप में अपनी विभिन्न योजनाओं, पहलों, संवर्धनात्मक अभियानों, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सहभागीदारी के साथ-साथ अपनी आधिकारिक वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों और अन्य आउटरीच कार्यकलापों के माध्यम से महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं विरासत स्थलों सहित देश भर के पर्यटन स्थलों एवं उत्पादों का संवर्धन करता है।

(ङ): पर्यटन मंत्रालय ने सतत पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है तथा इस कार्यनीति में, स्थायी पर्यटन के विकास के लिए निम्नलिखित विषयों की पहचान की गई है:

**i.** पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना

**ii.** जैव विविधता की रक्षा करना

**iii.** आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा देना

**iv.** सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिरता को बढ़ावा देना

**v.** सतत पर्यटन के प्रमाणन के लिए योजना

**vi.** आईईसी और क्षमता निर्माण गवर्नेंस

पर्यटन मंत्रालय ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित देश भर में स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों के साथ-साथ पर्यटन संबंधी व्यवसायों से जुड़े लोगों को स्थानीय संस्कृति, पर्यावरण और विरासत को संरक्षित करने के लिए स्थायी प्रथाओं को अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए 'ट्रैवल फॉर लाइफ' नामक पहल भी शुरू की है।

********

**अनुबंध**

†2504. श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे, श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे, श्री नरेश गणपत म्हस्के, श्रीमती भारती पारधी और श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर द्वारा महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में पर्यटकों की आवक के संबंध में दिनांक 15.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2504 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में **विवरण**

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | राज्य | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी- बांधवगढ़-कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.10 |
| 2. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | सांची - सतना - रीवा - मंदसौर - धार का विकास | 74.02 |
| 3. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 |
| 4. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ 2017-18 | गांधीसागर बांध-मंडलेश्वर बांध-ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध-तवा बांध- बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | 93.76 |
| 5. | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास | 19.06 |
| 6. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंघा - तेलनखेडी - गिराड का विकास | 45.47 |

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | राज्य | स्वीकृति वर्ष | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश | 2023-24 | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.74 |
| 2. | मध्य प्रदेश | 2023-24 | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक अनुभव | 27.21 |
| 3. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | पीताम्बरा पीठ, दतिया | पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास | 44.24 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | महाराष्ट्र | 2023-24 | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-फेज 3 | 76.22 |

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| क्र. सं. | राज्य | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | श्रेणी | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | मध्यकालीन वैभव 2.0, ओरछा | आध्यात्मिक पर्यटन | 25.00 |
| 2. | महाराष्ट्र | 2024-25 | अहमदनगर किले का विकास | संस्कृति एवं विरासत | 25.00 |

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य में राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| क्र. सं. | राज्य | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | जारी राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | ओरछा एक मध्यकालीन वैभव | 99.92 | 131.53 |
| 2. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 99.38 | |
| 3. | महाराष्ट्र | 2024-25 | सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन | 46.91 | 96.39 |
| 4. | महाराष्ट्र | 2024-25 | नासिक में "राम-काल पथ" का विकास | 99.14 | |

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृत वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | जारी राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश | अमरकंटक का विकास | **2020-21** | **49.99** | **42.55** |
| 2. | मध्य प्रदेश | ओंकारेश्वर का विकास | **2017-18** | **43.93** | **43.93** |
| 3. | महाराष्ट्र | त्र्यंबकेश्वर का विकास | **2017-18** | **45.41** | **38.44** |

**केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए) योजना के तहत मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** | **जारी राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश | भारत पर्यटन विकास निगम द्वारा बेलताल झील, दमोह, मध्य प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना | 2020-21 | 23.15 | 10.08 |
| 2. | महाराष्ट्र | एक पर्यटक गंतव्य के रूप में कानोजी आंग्रे लाइटहाउस का विकास | 2016-17 | 15.00 | 15.00 |
| 3. | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण। | 2017-18 | 12.50 | 12.50 |
| 4. | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | 2021-22 | 37.50 | 30.00 |
| 5. | महाराष्ट्र | नांदेड़ रेलवे स्टेशन | 2016-17 | 5.18 | 2.59 |
| 6. | महाराष्ट्र | औरंगाबाद रेलवे स्टेशन | 2017-18 | 5.71 | 2.85 |

*******